

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रैलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक I" ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.
## MCQ QUESTIONS
## 8 November 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 8 नवंबर का इतिहास

- **2008 :** भारत का पहला मानव रहित अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-1 चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा।
- **1895 :** भौतिक शास्त्री विल्हैम कोनार्ड रॉन्टजन ने एक्स-रे की खोज की।
- **2016 :** भारत सरकार ने बड़े नोटों को विमुद्रीकरण किया जिसमें 500 और 1000 रूपये के नोटों का अवैध घोषित किया।
- **1661 :** सिख धर्मगुरू हर राय का निधन हुआ।

## 8 नवंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने नई दिल्ली में शिल्प समागम-2022 का उद्घाटन किया। इसका आयोजन 1 से 15 नवंबर, 2022 तक किया जाएगा। यह एक 15 दिवसीय विपणन प्रदर्शनी है, जिसमें 19 विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उत्पाद आईएनए सेंटर में स्थित दिल्ली हाट में बिक्री के लिए प्रदर्शित किये जाएंगे। आर्थिक गतिविधियों को बाजार में प्रतिस्पर्धा योग्य बनाने के लिए लक्षित समूहों के कौशल उन्नयन पर जोर दिया जा रहा है।
- मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले के तुरा में मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा द्वारा नागरिक जुड़ाव और संचार कार्यक्रम शुरू किया गया था। मेघालय सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किए हैं और जनता के बड़े लाभ के लिए सूचना का प्रसार किया जाना चाहिए। नागरिक जुड़ाव और संचार कार्यक्रम' कार्यक्रम का उद्देश्य सभी योजनाओं की जमीनी स्तर पर पैठ बनाना है ताकि सभी पहलुओं में शासन में सुधार हो सके। यह कार्यक्रम जनता के बीच बहुत जरुरी जागरूकता पैदा करेगा ताकि लोगों को सरकार द्वारा शुरू की जा रही योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सही जानकारी मिल सके।
- Permacrisis को कोलिन्स डिक्शनरी का वर्ड ऑफ द ईयर चुना गया है। शब्द का अर्थ है अस्थिरता और असुरक्षा की विस्तारित अवधि। कोलिन्स लर्निंग के प्रमुख एलेक्स बीक्राफ्ट ने एएफसी को बताया Permacrisis बताता है कि इतने सारे लोगों के लिए 2022 वास्तव में कितना भयानक रहा है।
- भारत ने संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी को 2.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का चेक प्रदान किया है। ये चेक फिलिस्तीनी शरणार्थियों के समर्थन में 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सालाना मदद की यह दूसरी किश्त है। इस धनराशि का इस्तेमाल शरणार्थियों के लिए स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए किया जाएगा। भारत ने 2018 से यूएनआरडब्ल्यूए को 22.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर दिए है। यूएनआरडब्ल्यूए, संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी है जो फिलिस्तीनी शरणार्थियों को राहत प्रदान करती है और उनके मानव विकास का समर्थन करती है।
- केंद्र सरकार ने रबी सत्र में किसानों को फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों के लिए सब्सिड़ी को मंजूरी दे दी है। साथ ही एथनॉल की कीमत में भी बढ़ोतरी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी। वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी छमाही या रबी सत्र में किसानों को फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरकों के लिए 51,875 करोड़ रूपये की सब्सिडी दी जाएगी।
- बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों के लिए 2 नए प्रीमियम डेबिट कार्ड पेश किए है। इनमें से एक BOB World Opulence है। ये एक मेटल एडिशन सुपर प्रीमियम वीजा इनफाइनाइट डेबिट कार्ड है। बैंक का दूसरा प्रीमियम डेबिट कार्ड BOB World Sapphire है। ये एक वीजा सिग्नेचर डेबिट कार्ड हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने एक बयान में कहा कि ये दोनों नए प्रीमियम डेबिट कार्ड बैंक के हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल वाले कस्टमर को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। ये दोनों डेबिट कार्ड काफी अच्छे हैं और इस कार्ड पर पॉवरफुल रिवाईस मिलेंगे।
- इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने श्रीनगर में निवेशक दीदी पहल के तहत महिलाओं के लिये महिलाओं के द्वारा की अवधारणा के साथ वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने के लिये भारत का पहला पानी पर तैरता वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। यह महिलाओं के लिये महिलाओं की विचारधारा पर आधारित है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने प्रश्नों को एक महिला के साथ साझा करने में अधिक सहज महसूस करती है।
- शिक्षा मंत्रालय ने 2020-21 के लिए प्रदर्शन ग्रेडिंग इंडेक्स जारी किया, जो राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूली शिक्षा प्रणाली का एक साक्ष्य-आधारित व्यापक विश्लेषण है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि पीजीआई का मुख्य उद्देश्य साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को बढ़ावा देना और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए पाठ्यक्रम सुधार को उजागर करना है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने जनप्रतिनिधित्व कानून के एक प्रावधान को चुनौती देने वाली एक याचिका पर विचार करने का फैसला किया है जो विचाराधीन कैदियों, सिविल जेलों में कैद व्यक्तियों और जेलों में सजा काट रहे कैदियों पर वोट डालने से पूर्ण प्रतिबंध लगाता है।


## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. गुरू नानक जयंती हर साल कब मनाई जाती है ?**

(A) 8 नवंबर (B) 9 नवंबर

(C) 10 नवंबर (D) 11 नवंबर

**(A)** गुरू नानक जयंती हर साल 8 नवंबर को मनाई जाती है। गुरू नानक देव जी को सिख धर्म का पहला गुरू माना जाता है। गुरू नानक ने ही सिख समाज की नींव रखी थी। उनका जन्म 1526 में हुआ था। गुरू नानक जी ने जीवन से जुड़े कई उपदेश दिए हैं, जिनका आज भी लोग पालन करते हैं।




**2. विश्व रेडियोग्राफी दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 5 नवंबर (B) 7 नवंबर

(C) 8 नवंबर (D) 11 नवंबर

**(C)** विश्व रेडियोग्राफी दिवस हर साल 8 नवंबर को मनाया जाता है। 8 नवंबर 1895 को जर्मन वैज्ञानिक विल्हेम कॉनराड रॉन्टगन द्वारा एक्स-रे प्रणाली की खोज की गई थी। उनकी इस खोज के लिये उन्हें वर्ष 1901 में फिजिक्स में पहले नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पहला विश्व रेडियोग्राफी दिवस वर्ष 2012 में मनाया गया था।




**3. नई दिल्ली में शिल्प समागम-2022 का आयोजन कब से कब तक किया जाएगा ?**

(A) 1 से 10 नवंबर 2022 (B) 1 से 15 नवंबर 2022

(C) 2 से 16 नवंबर 2022 (D) 3 से 20 नवंबर 2022

**(B)** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने नई दिल्ली में शिल्प समागम-2022 तक किया जाएगा। यह एक 15 दिवसीय विपणन प्रदर्शनी है, जिसमें 19 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के उत्पाद आईएनए सेंटर में स्थित दिल्ली हाट में बिक्री के लिए प्रदर्शित किये जाएंगे। आर्थिक गतिविधियों को बाजार में प्रतिस्पर्धा योग्य बनाने के लिए लक्षित समूहों के कौशल उन्नयन पर जोर दिया जा रहा है।



**4. कौनसा भारतीय क्रिकेटर दुनिया का नंबर 1 T20 बल्लेबाज बन गया है ?**

(A) विराट कोहली (B) रोहित शर्मा

(C) केएल राहुल (D) सूर्यकुमार यादव

**(D)** सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को पछाड़कर शीर्ष टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग हासिल करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए है। उन्होंने साल 2022 में अब तक 27 मैचों में 41.95 की औसत और 183.80 के स्ट्राइक रेट से 965 रन बनाए है। यादव के अब 863 अंक हैं जबकि मोहम्मद रिजवान के 842 अंक है।



**5. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा नागरिक संपर्क और संचार कार्यक्रम शुरू किया गया ?**

(A) मेघालय (B) कर्नाटक

(C) तेलंगाना (D) मध्यप्रदेश

**(A)** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने पश्चिम गारो हिल्स जिले के तुरा में कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है ताकि शासन के सभी पहलुओं में सुधार हो सके। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा करना भी होगा।



**6. टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन पहल किस विभाग से संबंधित है ?**

(A) वाणिज्य विभाग (B) औद्योगिक नीतिएवं संवर्धन विभाग
(C) वित्त विभाग (D) विज्ञान ओर प्रौद्योगिकी विभाग

**(D)** टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेशन शैक्षणिक संस्थानों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समर्थित एक पहल है। जल्द ही नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी श्रीनगर में ग्रीन टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन फैसिलिटी पर केंद्रित ग्रीनोवेटर इनक्यूबेशन फाउंडेशन खुलेगा। यह पहल छात्रों, उद्यमियों और आसपास के समुदायों के बीच नवाचार और उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने की कोशिश करती है।



**7. हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रदर्शन श्रेणी सूचकांक 2020-21 में किस राज्य ने लेवल-2 की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है ?**

(A) राजस्थान (B) केरल
(C) पंजाब (D) हरियाणा

**(A)** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रदर्शन श्रेणी सूचकांक 2020-21 में राजस्थान सहित छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश ने लेवल-2 की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। इसमें जिन सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एल-2 रेटिंग दी गई है उनमें केरल, पंजाब, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और आंध्रप्रदेश शामिल हैं। इन राज्यों ने 2020-21 में स्तर II हासिल किया हैं। कोई भी राज्य अब तक एल-1 का उच्चतम स्तर हासिल नही कर पाया है।




**8. रक्षा अभ्यास ऑपरेशन विजिलेंट स्टॉर्म दक्षिण कोरिया और किस अन्य देश के बीच आयोजित किया जाता है ?**

(A) भारत (B) संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) फ्रांस (D) जापान

**(B)** ऑपरेशन विजिलेंट स्टॉर्म एक रक्षा अभ्यास है जो संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास में दोनों देशों के सैकड़ों युद्धक विमान शामिल हुए। इस रक्षा अभ्यास में 240 युद्धक विमान शामिल थे और इसमें संयुक्त राज्य और दक्षिण कोरिया दोनों के F-35 स्टील्थ फाइटर के वेरिएंट भी शामिल थे।



**9. निम्नलिखित मे से कौनसी भाषा संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं में शामिल नही है ?**

(A) अरबी (B) फ्रेंच
(C) स्पेनिश (D) इतालवी

**(D)** संयुक्त राष्ट्र की अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश 6 आधिकारिक भाषाएं है। जबकि इतालवी भाषा इसमें शामिल नही हैं। अंग्रेजी और फ्रेंच संयुक्त राष्ट्र सचिवालय की कामकाजी भाषाएं हैं जो दिन-प्रतिदिन के व्यावसायिक आदान-प्रदान में उपयोग की जाती है।




**10. हाल ही में पद्म भूषण प्राप्तकर्ता इला भट्ट का निधन हो गया, उन्होंने किसकी स्थापना की थी ?**

(A) लेबर प्रोग्रेसिव फेडरेशन (B) सेल्फ एम्प्लोयेड विमेंस एसोसिएशन
(C) हिंद मजदूर सभा (D) भारतीय ट्रेड यूनियनों का केंद्र

**(B)** इलाबेन भट्ट एक प्रख्यात शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता थी उन्होंने सेल्फ एम्प्लोयेड विमेंस एसोसिएशन की स्थापना की थी। यह एसोसिएशन भारत के 18 राज्यों सहित पड़ोसी देशों में भी फैला है। जिसमें 2 मिलियन से अधिक महिला कार्य करती है।

